# मॉडल – (02)
# विषय – लेखाशास्त्र, कक्षा – बारहवीं (हायर सेकेण्डरी स्कूल)
# विषय कोड – 320

समयः 3 घण्टे | पूर्णांक– 100

---

निर्देश (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 01 में चार खण्ड है। खण्ड (अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति (ब) बहुविकल्पीय प्रश्न खण्ड (स) में सत्य/असत्य (द) एक वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। सैद्धांतिक उत्तर की शब्द सीमा 50 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक आबंटित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। सैद्धांतिक उत्तर की शब्द सीमा 70 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं सैद्धांतिक उत्तर की शब्द सीमा 100 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं।प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। सैद्धांतिक उत्तर की शब्द सीमा 120 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

## खण्ड (अ)

(अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(i) ऋणपत्र है ........................... आवधिक देयताएं।

(ii) लेखांकन प्रमाणक ................................ पर आधारित होते है।

(iii) संपत्तियों का उधार विक्रय....................... में लिखा जाता है।

(iv) तलपट खतौनी की केवल ........................... शुद्धता की जांच करता है।

(v) रोकड़ बही और पासबुक द्वारा दर्शाए गये बैंक शेष के ...................... के लिए बैंक समाधान विवरण तैयार किया जाता है।

## खण्ड (ब)

(ब) सहीं विकल्प चुनकर लिखिए –

(i) सरल रेखा पद्धति द्वारा स्थायी संपत्तियों पर ह्रास लगाने के लिए संपत्ति के जिस मूल्य को लिया जाता है, वह है –

(अ) लागत मूल्य (ब) घटता हुआ मूल्य

(स) अवशेष मूल्य (द) पुस्तकीय मूल्य

(ii) ख्याति किस प्रकार की संपत्ति है –

(अ) स्थायी संपत्ति (ब) चल संपत्ति

(स) दृश्य संपत्ति (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) निम्न में से कौन सा दायित्व गैर–अभिलेखित माना जायेगा –

(अ) बैंक से बट्टे पर भुनाए गये विपत्र का अनादरण

(ब) बैंक ऋण का भुगतान

(स) अदत्त बिलों का भुगतान

(द) इनमें से कोई नहीं

(iv) कंपनी के सदस्यों का दायित्व होता है –

(अ) सीमित (ब) असीमित (स) 'अ' व 'ब' दोनो (द) इनमें से कोई नहीं

(v) कौन सा विश्लेषण वर्षों की सारणी के विभिन्न वित्तिय विवरणों के अध्ययन का एक तकनीक है –

(अ) प्रकृति (ब) समान श्रृंखला (स) 'अ' व 'ब' दोनो (द) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड (स)

(स) बताइये निम्न कथन सत्य है या असत्य –

(i) पे–रोल प्रत्येक कर्मचारियों के देय वेतन को दर्शाता है।

(ii) DBMS का अर्थ डाटा बेस मैनेजमेण्ट सिस्टम है।

(iii) लेखांकन अनुपात उद्यम की वित्तीय स्थिति का समझने में अनुपयोगी होते है।

(iv) अपूर्ण अभिलेखों से तैयार किया गया अवस्था विवरण संतोषजनक सूचना उपलब्ध करता है।

(v) आय–व्यय खाता रोकड़ बही का सारांश होता है।

## खण्ड (द)

(द) एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए –

(i) नये साझेदार द्वारा लायी गयी ख्याति की राशि पुराने साझेदारों में किस अनुपात में वितरित की जाती है ?

(ii) वार्षिकी संदेह खाता कब बनाते हैं ?

(iii) साझेदारी फर्म के समापन का क्या अर्थ है ?

(iv) किन अंशों पर लाभांश अनिश्चित होता है ?

(v) वह कंपनी जो किसी अन्य कंपनी पर नियंत्रण रखती है उसे क्या कहते हैं ?

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न (I)

प्रश्न 2. लागत अवधारणा क्या है ?

प्रश्न 3. खाता पृष्ठ संख्या क्या है ?

प्रश्न 4. उचन्त खाता क्या है ?

प्रश्न 5. कम्प्यूटर में हार्डवेयर. क्या है ?

प्रश्न 6. लेखांकन में संचय का अर्थ लिखिए ?

प्रश्न 7. प्राप्ति भुगतान खाता क्या है ?

प्रश्न 8. अलाभकारी संगठन की प्राप्ति की चार मदों के नाम लिखिए ?

प्रश्न 9. स्थायी पूंजी खाता पद्धति क्या है ?

प्रश्न 10. ख्याति क्या है ?

प्रश्न 11. वसुली खाता क्यों बनाया जाता है ?

प्रश्न 12. वित्तीय विवरण विश्लेषण की प्रमुख तकनीक के नाम लिखिए।

प्रश्न 13. डाटाबेस का अर्थ लिखिए ?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (II)**

प्रश्न 14. रोजनामचा किसे कहते हैं ?

प्रश्न 15. रोकड़ बही के विभिन्न प्रकारों के नाम लिखिए।

प्रश्न 16. स्थायी किस्त पद्धति के तीन लाभ लिखिए।

प्रश्न 17. आय–व्यय खाता क्यों बनाया जाता है ?

प्रश्न 18. इकहरा लेखा प्रणाली के तीन दोष लिखिए।

प्रश्न 19. एक कंपनी ने 20000 समता अंश 10 रू. प्रति अंश वाले जनता को निर्गमित किये। संपूर्ण राशि एकमुश्त प्राप्त हो गयी। कंपनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 20. एक कंपनी ने 1 अक्टूबर 2008 को 90000 रू. में एक मशीन क्रय की उसकी स्थापना पर 10000 रू. खर्च किय गये। ह्रास लागत मूल्य पर 10% की दर से लगाया जाता है। दो वर्षों का मशीन खाता बनाइये यदि खाते 31 मार्च को बंद होते है.।

अथवा

अजय कुमार एण्ड कंपनी ने 1 अप्रैल 2017 को 20000 रू. में एक मशीन क्रय की मशीन पर ह्रास 10% वार्षिक की दर से क्रमागत ह्रास पद्धति के अनुसार 31 मार्च को प्रतिवर्ष ह्रास लगाया जाता है। दो वर्षों का मशीन खाता बनाइये।

प्रश्न 21. एक कंपनी ने 72000 रू. मूल्य की मशीन क्रय की भुगतान में 100 रू. वाले समता अंश 20% प्रीमियम पर निर्गमित किये। कंपनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टि कीजिए।

अथवा

एक्स कंपनी ने 10 रू. के 200 अंशों पर 3 रू. याचना राशि प्राप्त नहीं होने के कारण उन्हें जब्त कर लिया। बाद में इन अंशों को 8 रू. प्रति अंश की दर से

पुननिर्गमित कर दिया गया। अंशों के हरण व पुननिर्गमित संबंधी पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

प्रश्न 22. वित्तिय विवरणों के विश्लेषण के चार उद्देश्य समझाइये।

अथवा

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में रूचि रखनेवाले किन्हीं चार पक्षों को समझाइये।

प्रश्न 23. रिपोर्ट बनाने की कार्यविधि का वर्णन कीजिए।

अथवा

स्तंभ संचित्र, पाई संचित्र के दो–दो उपयोग लिखिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (I)**

प्रश्न 24. पुस्तपालन व लेखांकन में पांच अंतर लिखिए।

अथवा

वित्तीय लेखांकन के पांच उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 25. अ ब और स 3 : 2 :1 अनुपात में साझेदार हैं। 31 मार्च 2022 को अ फर्म से सेवानिवृत्त होता है। इस तिथि पर फर्म की विभिन्न परिसंपत्तियाँ व दायित्व इस प्रकार है –

रोकड़ 10000 रू, भवन 100000 रू, संयंत्र व मशीनरी 40000 रू, स्टॉक 20000 रू, देनदार 20000 रू, विनियोग 30000 रू,। अ के सेवानिवृत्त होने पर साझेदारों में निम्न पर सहमति बनी –

(i) भवन पर 20% ह्रास लगाया जाये।

(ii) संयंत्र व मशीनरी 10% ह्रास लगाया जाये।

(iii) देनदारों पर 10% डूबत ऋण संचय बनाया जाये।

(iv) स्टॉक का मूल्यांकन 18000 रू. तथा विनियोग का 35000 रू. किया गया।

पुनर्मूल्यांकन खाता बनाइये।

अथवा

साधु और संत 3 : 2 के अनुपात में साझेदार है 31 दिसम्बर 2022 को उनका आर्थिक चिठ्ठा निम्न है –

| दायित्व | राशि | संपत्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 12500 | देनदार | 15500 |
| सामान्य संचय | 2500 | मशीनरी | 34500 |
| साधु का ऋण | 15000 | | |
| पूँजी – | | | |
| साधु –15000<br>संत – 5000 | 20000 | | |
| | 50000 | | 50000 |

उन्होंने उक्त तिथि को फर्म के विघटन का निर्णय किया। देनदारों से 15000 रू. तथा मशीनरी से 30000 रू. वसुल हुए। लेनदारों को पूर्ण भुगतान में 12000 रू. दिये गए। वसुली में 500 रू. खर्च हुए। वसुली खाता बनाइये।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (II)**

प्रश्न 26. निम्नांकित जानकारी से बैंक समाधान विवरण बनाइये –

(i) रोकड़ बही का जमा शेष 6500 रू.

(ii) 3500 रू. के चेक संग्रहण हेतु बैंक भेजे गये किन्तु संग्रहित नहीं हुए।

(iii) 1000 रू. के चेक निर्गमित किये गये परन्तु भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं हुए।

(iv) पासबुक में 200 रू. ब्याज तथा 400 रू. बैंक शुल्क के रूप में नामें किये गये।

अथवा

निम्नांकित शेषों से 31 दिसम्बर 2022 का तलपट बनाइये –

पूंजी – 75000 रू., विक्रय – 25000 रू.

क्रय – 26800 रू., फर्नीचर – 15000 रू.

किराया – 200 रू., टेलीफोन व्यय – 1000 रू.

रोकड़ – 57000 रू.।

प्रश्न 27. अ और ब 2 : 1 में लाभ विभाजन करते हैं उनका चिठ्ठा निम्नानुसार है –

| दायित्व | राशि | संपत्ति | राशि |
|---|---|---|---|
| पूंजी –<br>अ – 50000<br>ब – 40000 | 90,000 | रोकड़<br>विविध देनदार<br>स्टॉक | 12,000<br>60,000<br>12,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | 20,000 | फर्नीचर<br>भवन | 6,000<br>20,000 |
| | 1,10,000 | | 1,10,000 |

वे स को साझेदारी में निम्न शर्तों पर प्रवेश देने हेतु सहमत हैं –

(i) स ख्याति के रूप में 9000 रू. तथा पूंजी के 11000 रू. लायेगा।

(ii) भवन व फर्नीचर पर 5% ह्रास लगाया जायेगा।

(iii) स्टॉक में 1600 रू. कमी हुई तथा डूबत ऋण संचय के लिए 1300 रू. का प्रावधान किया जायेगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता व साझेदारों का पूंजी खाता बनाइये।

अथवा

(अ) एक फर्म का औसत लाभ 40,000 रू. है फर्म की कुल परिसंपत्तियाँ 3,60,000 रू. तथा बाह्य दायित्व 50,000 रू. है। व्यवसाय मे सामान्य प्रत्याय की दर 10% है। आप पूंजीकरण विधि से ख्याति की गणना कीजिए।

(ब) एक फर्म 26,000 रू. लाभ अर्जित करती है एवं 2,20,000 रू. की पूंजी विनियोजित है। इस प्रकार के व्यवसाय में लाभ अर्जित करने की सामान्य प्रत्याय दर 10% है। ख्याति अधिलाभ के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर ज्ञात की जाती है ख्याति की गणना कीजिए।

———x———